# जिल्ला शिक्षणाधिकारी कार्यालय, अहमदाबाद शहर

## एवं

# परीक्षा संकलन समिति, अहमदाबाद शहर

## प्रि-बोर्ड परीक्षा - 2025

दिनांक : 18-01-25 **कक्षा 10**

समय : 8:00 से 11:15 **हिन्दी (FL) 02 (H)** कुल अंक : 80

निर्देश : (1) इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग है ।

(2) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं ।

(3) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

---

**विभाग - A (गद्य विभाग)**

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** [5]

(1) रामवृक्ष वेनीपुरी का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

(A) वंगाल (B) उत्तरप्रदेश (C) विहार (D) राजस्थान

(2) नेताजी की मूर्ति पर चश्मा वार-वार कौन वदल देता था ?

(A) पानवाला (B) मूर्ति वनानेवाला अध्यापक

(C) कैप्टन (D) हालदार साहव

(3) लेखिका की वड़ी वहन का नाम क्या था ?

(A) सुशीला (B) कमला (C) अनीता (D) प्रभा

(4) यतिन्द्र मिश्रजी ने भारत के किस शहर को संस्कृति की पाठशाला कहा है ?

(A) काशी (B) मथुरा (C) दिल्ली (D) मुम्वई

(5) यशपाल का जन्म कौन-सी ई.स. में हुआ था ?

(A) 1900 (B) 1903 (C) 2003 (D) 1905

❖ **सही जोड़े मिलाइए ।** [5]

| रचनाकार | रचना |
|---|---|
| (6) मन्नू भंडारी | (A) नौवतखाने में इवादत |
| (7) यतीन्द्र मिश्र | (B) एक कहानी यह भी |
| (8) यशपाल | (C) नेताजी का चश्मा |
| (9) स्वयं प्रकाश | (D) लखनवी अन्दाज |
| (10) रामवृक्ष वेनीपुरी | (E) संस्कृति |
| | (F) बालगोबिन भगत |

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए ।** [2]

(11) डुमराव को क्यों याद किया जाता है ?

(12) हालदार साहव हमेशा कहाँ रुकते थे ?



https://www.gujaratboardonline.com

❖ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । [6]

(13) बालगोबिन भगत कबीर के अनुयायी थे । स्पष्ट कीजिए ।

(14) संस्कृति सभ्यता को किस प्रकार प्रभावित करती है ?

(15) बिस्मिल्ला खाँ ने अपने साक्षात्कारों में क्या स्वीकार किया है ?

(16) किन कारणों से लेखिका के मन में हीन भावना पैदा हो गई ?

❖ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए । [4]

(17) पानवाला कैसा आदमी था ? वह हालदार साहब का प्रश्न सुनकर क्या बोला ?

अथवा

(17) 'एक कहानी यह भी' लेखिका के जीवन-संघर्ष की कहानी है । स्पष्ट कीजिए ।

❖ निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । [3]

(18) 'मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार करती है, हम उसे संस्कृति कहें या असंस्कृति ?'

अथवा

(18) हाँ गाते गाते कभी पतोहू के नजदीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्साह मनाने को कहते ।

## विभाग - B (पद्य विभाग)

❖ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । [5]

(19) 'भृगुसुत' किसके लिए कहा गया है ?

(A) उद्धव (B) कृष्ण (C) बलराम (D) सुदामा

(20) 'मधुप' शब्द का अर्थ लिखो ।

(A) तितली (B) भौरा (C) जुगनू (D) पतिंगा

(21) 'आत्मकथ्य' के रचयिता जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) वाराणसी (B) आगरा (C) मथुरा (D) अलीगढ़

(22) संगीतकार मुख्य गायक के साथ कैसे स्वर का साथ देता है ?

(A) भारी (B) हल्का (C) ऊँचा (D) नीचा

(23) माँ की अंतिम पूँजी क्या थी ?

(A) धन (B) लड़की (C) लड़का (D) घर

❖ कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । [5]

(24) गुनगुनाकर ................ अपनी बात कह जाता है । (मधुप, कोयल, कौआ)

(25) मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर ................ ।

(भाग गया, जाग गया, खुश हो गया)

(26) सेवक वह होता है जो ................ करता है । (सेवा, शत्रुता, मित्रता)

(27) 'छाया' शब्द का अर्थ बीते समय की ................ स्मृतियों से है ।

(सुखद, दुःखद, विस्मयादि)

(28) सूरदास ने 'अबला' ................ को कहा है । (उद्धव, गोपियों, बलराम) 24



https://www.gujaratboardonline.com

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए ।** [2]

(29) परशुराम ने सभा से किस कार्य का दोष उन्हें न देने को कहा ?

(30) हारिल पक्षी की क्या विशेषता होती है ?

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए ।** [6]

(31) गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या होना चाहिए ?

(32) कवि ने फसल को नदियों के जल का जादू क्यों कहा है ?

(33) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है ?

(34) कवि ने शिशु और उसकी माँ को धन्य क्यों कहा है ?

❖ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए ।** [4]

(35) 'वह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर शिशु की मुसकान के प्रभाव का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(35) साहस को शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है - इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

❖ **निम्नलिखित पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए ।** [3]

(36) किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले
अपने को समझो मेरा रस ले, अपनी भरने वाले

**अथवा**

(36) सुर महिसुर हरिजन अरु गाई ।
हमरे कुल इन्ह पर न करे सुराई ॥
बधें पापु अपकीरति हारें ।
मारतहू पा परिअ तुम्हारे ॥

**विभाग : C ( व्याकरण विभाग )**

❖ निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : [2]

(37) तृष्णा

(38) समीर

❖ निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : [2]

(39) नीलकंठ

(40) शताब्दी

❖ निम्नलिखित शब्दसमूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए : [2]

(41) पूरब से बहनेवाली हवा

(42) माँ द्वारा सुनाया जानेवाला गीत

❖ निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढ़कर लिखिए : [2]

(43) सभ्यता संस्कृति का ही परिणाम है ।

(44) ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था ।

❖ निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढ़कर लिखिए । [2]

(45) रोहित कल रेलगाड़ी में बैठेगा ।

(46) बेटे ने नृत्य में अपनी रुचि नहीं दिखाई



https://www.gujaratboardonline.com

❖ निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए : [1]

(47) थोथा चना बाजे घना ।

❖ निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [4]

(48) जीवन होम देना

(49) दो टूक बात करना

## विभाग : D (लेखन विभाग)

❖ पत्र : [3]

(50) श्री शारदे विद्यालय, वडोदरा में 'ग्रंथपाल' पद हेतु अपना आवेदन पत्र लिखिए ।

❖ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** [4]

जापान जाने का अवसर मिला, तब हिरोशिमा भी गया और वह अस्पताल भी देखा जहाँ रेडियम-पदार्थ से आहत लोग वर्षों से कष्ट पा रहे थे । इस प्रकार प्रत्यक्ष अनुभव भी हुआ - पर अनुभव से अनुभूति गहरी चीज है, कम-से-कम कृतिकार के लिए । अनुभव तो घटित का होता है, पर अनुभूति संवेदना और कल्पना के सहारे उस सत्य को आत्मसात् कर लेती है जो वास्तव में कृतिकार के साथ घटित नहीं हुआ है । जो आँखों के सामने नहीं आया, जो घटित के अनुभव में नहीं आया, वही आत्मा के सामने ज्वलंत प्रकाश में आ जाता है, तब वह अनुभूति प्रत्यक्ष हो जाता है । तो हिरोशिमा में सब देखकर भी तत्काल कुछ लिखा नहीं, क्योंकि इसी अनुभूति की प्रत्यक्ष कसर थी । https://www.gujaratboardonline.com

प्रश्न :

(51) लेखक ने जापान में क्या देखा ?

(52) लेखक के अनुसार अनुभव और अनुभूति में क्या अंतर है ?

(53) लेखक के अनुसार अनुभूति प्रत्यक्ष कब हो जाती है ?

(54) लेखक ने हिरोशिमा के विषय में तत्काल क्यों नहीं लिखा ?

❖ **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए ।** [8]

(55) (अ) भारत की वर्तमान समस्याएँ

(ब) विज्ञान के बढ़ते चरण

(क) आधुनिक नारी तथा समाज

(ड) जीवन में खेलों का महत्त्व

---



https://www.gujaratboardonline.com